भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2240#
उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त , 2026
15 श्रावण, 1948 (शक)

विकसित भारत युवा संसद

2240# श्री तरुण चुगः

श्री मनन कुमार मिश्रः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान हाल ही में प्रारंभ की गई 'विकसित भारत युवा संसद' योजना के प्रारूप का विस्तार गैर-महाविद्यालयी ग्रामीण संस्थानों तक करने के लिए सरकार की क्या योजना है?

(ख) राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन चरण में शीर्ष सम्मान प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या एकीकृत ऑनलाइन मूल्यांकन पोर्टल ने क्षेत्र-वार भागीदारी बैकलॉग को रोकने हेतु संस्थागत पंजीकरण छँटाई प्रक्रिया को सफलतापूर्वक स्वचालित कर दिया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) आकांक्षी जिलों में स्थानीयकृत मॉक संसद सत्रों के आयोजन हेतु राज्य समन्वयकों को किए गए तथा जारी किए गए आवंटन का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या इस तिमाही में आधिकारिक संसाधन प्रशिक्षण - सामग्री का सभी 22 अनुसूचित क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने हेतु कोई संवर्धन, यदि कोई हों, किए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) विकसित भारत युवा संसद (वीबीवाईपी), युवा कार्यक्रम विभाग का एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य युवाओं की आवाज को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने, नीति-निर्माताओं के साथ संवाद करने तथा भारत की विकास यात्रा में सार्थक योगदान देने के लिए एक औपचारिक मंच

प्रदान करना है। अपनी स्थापना के बाद से, यह कार्यक्रम 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के सभी युवाओं के लिए उपलब्ध है। गैर-महाविद्यालयी ग्रामीण संस्थानों के युवा सहित ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के पात्र युवा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करके और निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए वीबीवाईपी में भाग लेते हैं।

(ख) वीबीवाईपी-2026 की दो महिला प्रतिभागियों ने नई दिल्ली स्थित संविधान सदन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के अंतिम चरण में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किया।

(ग) और (घ) इस वर्ष वीबीवाईपी का आयोजन पूरी तरह ऑफलाइन माध्यम से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के तीन-स्तरीय प्रतियोगी ढाँचे के माध्यम से किया गया है। प्रतिभागियों का पंजीकरण माय भारत पोर्टल के माध्यम से किया जाता है और यह 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के सभी युवाओं के लिए उपलब्ध है, जिससे एक पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सक्षम पंजीकरण प्रक्रिया सुनिश्चित होती है।

(ड.) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विकसित भारत युवा संसद के आयोजन हेतु आकांक्षी जिलों के लिए किए गए और जारी किए गए आवंटन का विवरण अनुबंध-1 पर दिया गया है।

(च) प्रश्न नहीं उठता। वर्तमान स्वरूप में इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसी आधिकारिक प्रशिक्षण सामग्री का प्रावधान नहीं है।

*****

अनुबंध -1

विकसित भारत युवा संसद के संबंध में श्री तरुण चुग और श्री मनन कुमार मिश्र द्वारा दिनांक 06.08.2026 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2240 # के उत्तर के भाग (ड.) में संदर्भित अनुबंध।

विकसित भारत युवा संसद के लिए आकांक्षी जिलों को किए गए आवंटन का विवरण :

क्र. सं.	राज्य	ज़िला	वित्त वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि (रु .में)
1	आंध्र प्रदेश	विजयनगरम	120000
2	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	120000
3	आंध्र प्रदेश	वाईएसआर कडप्पा	120000
4	अरुणाचल प्रदेश	नामसाई	120000
5	असम	गोलपाड़ा	120000
6	असम	बारपेटा	120000
7	असम	बक्सा	120000
8	असम	दरांग	120000
9	असम	उदलगुड़ी	120000
10	असम	धुबरी	120000
11	बिहार	सीतामढ़ी	120000
12	बिहार	अररिया	120000
13	बिहार	पूर्णिया	120000
14	बिहार	कटिहार	120000
15	बिहार	मुजफ्फरपुर	120000
16	बिहार	बेगूसराय	120000
17	बिहार	खगरिया	120000
18	बिहार	बांका	120000
19	बिहार	शेखपुरा	120000
20	बिहार	औरंगाबाद	120000
21	बिहार	गया	120000
22	बिहार	नवादा	120000
23	बिहार	जमुई	120000
24	छत्तीसगढ	कोरबा	120000
25	छत्तीसगढ	राजनंदगांव	120000

क्र. सं.	राज्य	ज़िला	वित्त वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि (रु .में)
26	छत्तीसगढ	महासमुंद	120000
27	छत्तीसगढ	कांकेर	120000
28	छत्तीसगढ	नारायणपुर	120000
29	छत्तीसगढ	दंतेवाड़ा	120000
30	छत्तीसगढ	बीजापुर	120000
31	छत्तीसगढ	बस्तर	120000
32	छत्तीसगढ	कोंडागांव	120000
33	छत्तीसगढ	सुकमा	120000
34	गुजरात	दाहोद	120000
35	गुजरात	नर्मदा	120000
36	हरियाणा	मेवात	120000
37	हिमाचल प्रदेश	चंबा	120000
38	जम्मू और कश्मीर	कुपवाड़ा	120000
39	जम्मू और कश्मीर	बारामूला	120000
40	झारखंड	गढ़वा	120000
41	झारखंड	चतरा	120000
42	झारखंड	गिरिडीह	120000
43	झारखंड	गोड्डा	120000
44	झारखंड	साहिबगंज	120000
45	झारखंड	पाकुर	120000
46	झारखंड	बोकारो	120000
47	झारखंड	लोहरदगा	120000
48	झारखंड	पूर्बी सिंहभूम	120000
49	झारखंड	पलामू	120000
50	झारखंड	लातेहार	120000
51	झारखंड	हजारीबाग	120000
52	झारखंड	रामगढ़	120000
53	झारखंड	दुमका	120000
54	झारखंड	रांची	120000
55	झारखंड	खूंटी	120000
56	झारखंड	गुमला	120000

क्र. सं.	राज्य	ज़िला	वित्त वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि (रु .में)
57	झारखंड	सिमडेगा	120000
58	झारखंड	पश्चिमी सिंहभूम	120000
59	कर्नाटक	रायचूर	120000
60	कर्नाटक	यादगीर	120000
61	केरल	वायनाड	120000
62	मध्य प्रदेश	छतरपुर	120000
63	मध्य प्रदेश	दमोह	120000
64	मध्य प्रदेश	बड़वानी	120000
65	मध्य प्रदेश	राजगढ़	120000
66	मध्य प्रदेश	विदिशा	120000
67	मध्य प्रदेश	गुना	120000
68	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	120000
69	मध्य प्रदेश	खंडवा	120000
70	महाराष्ट्र	नंदुरबार	120000
71	महाराष्ट्र	वाशिम	120000
72	महाराष्ट्र	गडचिरौली	120000
73	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	120000
74	मणिपुर	चंदेल	120000
75	मेघालय	रिभोई	120000
76	मिजोरम	मामित	120000
77	नागालैंड	किफायर	120000
78	ओडिशा	ढेंकनाल	120000
79	ओडिशा	गजपति	120000
80	ओडिशा	कंधमाल	120000
81	ओडिशा	बलांगीर	120000
82	ओडिशा	कालाहांडी	120000
83	ओडिशा	रायगढ़	120000
84	ओडिशा	कोरापुट	120000
85	ओडिशा	मल्कानगिरी	120000
86	ओडिशा	नबरंगपुर	120000
87	ओडिशा	नुआपाड़ा	120000

क्र. सं.	राज्य	ज़िला	वित्त वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि (रु .में)
88	पंजाब	मोगा	120000
89	पंजाब	फिरोजपुर	120000
90	राजस्थान	धौलपुर	120000
91	राजस्थान	करौली	120000
92	राजस्थान	जैसलमेर	120000
93	राजस्थान	सिरोही	120000
94	राजस्थान	बारां	120000
95	सिक्किम	पश्चिम सिक्किम	120000
96	तमिलनाडु	विरुधुनगर	120000
97	तमिलनाडु	रामनाथपुरम	120000
98	तेलंगाना	भूपालपल्ली	120000
99	तेलंगाना	भद्राद्रि-कोठागुडेम	120000
100	त्रिपुरा	धलाई	120000
101	उत्तर प्रदेश	चित्रकूट	120000
102	उत्तर प्रदेश	फतेहपुर	120000
103	उत्तर प्रदेश	बहराइच	120000
104	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	120000
105	उत्तर प्रदेश	बलरामपुर	120000
106	उत्तर प्रदेश	सिद्धार्थनगर	120000
107	उत्तर प्रदेश	चंदौली	120000
108	उत्तर प्रदेश	सोनभद्र	120000
109	उत्तराखंड	उधम सिंह नगर	120000
110	उत्तराखंड	हरिद्वार	120000

*****